-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन बांदा पर संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर चलाया गया जागरुकता अभियान।**

विवरण– आज दिनांक 16.09.2025 को पुलिस अधीक्षक बाँदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना AHTU, SJPU, WCSO, GRP, RPF तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान, टीमों द्वारा रेलवे स्टेशन बांदा पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया । अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। रेलवे स्टेशन पर अभियान के बाद संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पीली कोठी, बाबूलाल चौराहा, अशोक लाट, संकट मोचन इत्यादि स्थानों पर बालश्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान चलाया, अभियान के दौरान दुकान/होटल आदि की चेकिंग की गई,चेकिंग अभियान के दौरान 01 नाबालिक बच्चा गैर खतरनाक श्रेणी में बालश्रम करता पाया गया संबंधित दुकान मालिक का श्रम विभाग द्वारा चालान किया गया । बालश्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास अभियान के दौरान आसपास के दुकानदारों एवं आम जनमानस को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) से बाल श्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया एवं हिदायत दी गई कि यदि कोई व्यक्ति/दुकानदार बच्चों से बाल श्रम करते हुए पाया गया तो उपरोक्त व्यक्ति/दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्कूल के आसपास के दुकानदारों को बच्चों को गुटका, बीड़ी, सिगरेट, बीड़ी तंबाकू आदि न बेचने हेतु निर्देशित किया गया तथा मेडिकल स्टोर एवं अन्य दुकानदारों को भी नशीली पदार्थ न बेचने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान AHTU से प्रभारी निरीक्षक रामजीत गौड़, SJPU से निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह उ0नि0 अनिल कुमार उपाध्याय, हे0कां0 देवेन्द्र सिंह, आरक्षी प्रशांत यादव, दिव्यांग कल्याण अधिकारी अभिषेक चौधरी, श्रम अधिकारी बांदा विनोद कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।